हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 26 दिसंबर 2023
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

4 छत्तीसगढ़ के निर्माता अटलजी का किया स्मरण



## खबर संक्षेप

### फलों का राजा आम बाजार में



**बैकुण्ठपुर।** आम का सीजन आने में अभी कई महीनों का समय है, लेकिन इसके पहले ही बाजार में आम आने लगे हैं। जानकारी के अनुसार स्थानीय फल दुकान में आम का किस्म बैगन फली विक्रय किया जा रहा है, जिसकी कीमत 260 रूपए प्रति किलो की दर से बेची जा रही है, जो सेव की कीमत से भी अधिक दर पर विक्रय किया जा रहा है। अधिक दाम होने के कारण ही आम अभी आम लोगों के पहुंच से दूर है, सिर्फ खास लोगों के लिए ही आम वर्तमान में मौजूद हैं।

### कांग्रेस की कार्यकारिणी दीपक बने जिला प्रवक्ता

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन एवं



प्रशासन मलकीत सिंह गैदू ने कांग्रेस के जिला कार्यकारिणी गठित की। इसमें युवा दीपक गुप्ता को जिला प्रवक्ता बनाया है। उल्लेखनीय है कि युवा कांग्रेसी दीपक गुप्ता इसके पूर्व कांग्रेस में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को बखूबी निभा चुके हैं, उनके कामों पर भरोसा कर अब उन्हें जिला प्रवक्ता बनाया गया।

### फंदे में फंसकर युवक की मौत, मर्ग कायम

**राजपुर।** क्षेत्र में शिकारियों द्वारा तरंगित तार का फंदा लगाकर शिकार करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिकारियों के इस फंदे में फंसकर इंसानों व बेजुबान जानवरों को अपनी जान गवानी पड़ रही है। एक बार फिर से शिकारियों द्वारा लगाए गए तरंगित तार के फंदे में फंसने से एक युवक की मौत हो गई। युवक पैदल ही अपने घर की ओर लौट रहा था इस दौरान शौच के नाम पर वह खेत की तरफ उतरा और हाईटेंशन तार के फंदे में फंस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत के बाद डरकर उसके साथी भाग गए और घटना की जानकारी परिजन को दी। फिलहाल पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।

### कार्रवाईः दो दुकानों से 322 बोरी जब्त



**बतौली।** राजस्व अमले ने छापामार कार्रवाई के तहत दो दुकानों में अवैध रूप से संग्रहित 322 बोरी धान को जब्त करने में सफलता पाई है। अमले ने ग्राम शिवपुर स्थित नितिमा किराना स्टोर से 122 बोरी एवं अभिषेक किराना स्टोर से 200 बोरी अवैध धान जब्त किया है। माना जा रहा है कि समितियों में खपाने के लिए धान का भंडारण किया जा रहा था। इस दौरान तहसीलदार तारा सिदार, नायब तहसीलदार संजय कुमार, आरआई धर्मेंद्र दुबे, राजन कश्यप, मनीष सिंह आदि सक्रिय थे।

### पदयात्रा कर पहुंचे श्याम भक्तों ने किया नगर भ्रमण

**प्रतापपुर।** श्री श्याम भक्त मंडल मंदिर द्वारा श्री श्याम मंदिर अम्बिकापुर से प्रतापपुर के लिए दो दिवसीय पैदल निशान पदयात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। 50 किमी की पदयात्रा कर पहुंचे पदयात्रियों ने हाथों में निशान यात्रा लेकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान जितेंद्र तायल, गरीब राम गोयल, नितिन बंसल, अमित गर्ग, रोहित गोयल, शिवम गोयल, बजरंग गोयल, कुश तायल, उज्जवल मितल, सुनील ठाकुर, दूधनाथ सिंह उपस्थित थे।

किसानों के खाते में आई बकाया बोनस की राशि

# किसानों को 22 करोड़ से ज्यादा का भुगतान



मंच पर उपस्थित विधायक भईयालाल राजवाड़े व अन्य।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर किसानों के खाते में बकाया बोनस की राशि डाली गई। इसी कड़ी में 25 दिसंबर के दिन कोरिया और एमसीबी जिले में 14435 किसानों के खाते में 22 करोड़ 57 लाख 64 हजार रुपए का बकाया बोनस की राशि डाली गई। हालांकि 25 दिसंबर तीन कारणों से महत्वपूर्ण रहा। कोरिया जिले में वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 की धान की बकाया बोनस की राशि किसानों के खाते में डाले गए।

पूर्व कैबिनेट मंत्री और बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने जिला स्तरीय धान बोनस कार्यक्रम में खरवत चौक पर जिले के 9 हजार 756 किसानों को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के बकाया धान बोनस की राशि को डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में डलवाया। कोरिया जिले के धान खरीदी वर्ष 2014-15 में पटना व गिरजपुर, चिरमी, छिन्दडांड़, जिल्दा, धौराटिकरा, पोंड़ी, रजौली, सरभोका, सोनहत धान उपार्जन केन्द्र के 6 हजार 710 किसानों को 11 करोड़ 44 लाख 46 हजार 760 रूपए राशि तथा वर्ष 2015-16 के पटना व गिरजपुर, चिरमी, छिन्दडांड़, जिल्दा, धौराटिकरा, पोंड़ी, रजौली, सरभोका, सोनहत धान उपार्जन केन्द्र के 3 हजार 46 किसानों को 4 करोड़ 68 लाख 17 हजार 400 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में डाले गए। इस तरह कोरिया जिले के 9 हजार 756 किसानों के 16 करोड़, 12 लाख 64 हजार रुपए का अंतरण डीबीटी के माध्यम से हुआ। खरवत चौक में आयोजित कार्यक्रम में किसानों, ग्रामीणों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि 25 दिसंबर अटल जी का जन्मदिन है और सुखद संयोग है कि हमारे अन्नदाताओं को उनके बकाया बोनस के राशि आज प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी पर बटन दबाया और प्रदेश के लाखों किसानों के खाते में करोड़ों रूपए डाले गए।

## एमसीबी जिले में 3364 किसानों के खाते में आया बकाया बोनस



प्रमाण पत्र दिखाते किसान।

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के तत्कालिक दस समितियों में क्रय किए गए धान के विरूद्ध धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का भुगतान वर्ष 2014-15 के लिए 3364 कृषकों की बोनस राशि 4 करोड़ 81 लाख रुपए एवं 2015-16 में 1315 किसानों की बोनस राशि 1 करोड़ 74 लाख रुपए, इस प्रकार कुल 4679 किसानों के बैंक खाते में कुल 6 करोड़ 45 लाख रुपए अंतरित किए गए का प्रमाण पत्र किसानों को दिया गया। एमसीबी के जिन किसानों को बोनस राशि दी गई, उनमें अताउल्लाह ग्राम सिरौली को 308.40 क्विंटल धान का 92,520 रूपए, लालपुर के कौशल को 117.20 क्विंटल धान का 35,160 इसी प्रकार पिपरिया के छत्रपति को 39,240 रूपए, लालपुर के जितेन्द्र 62,400 रूपए, भलौर ग्राम के संतोष 8,640 रूपए विष्णु प्रसाद पिपरिया को 13800 रूपए, भलौर के ही रामसुभग 40,920 रूपए मदन मोहन शंकरपुर 33120 रूपए बुंदेली के विजय बहादुर 16,800 रूपए एवं बुंदेली के ही चरकूराम को 35,400 रूपए, डंगौरा ग्राम पंचायत के कृषक भारत सिंह 8,640 रूपए, कठोतियां के ठाकुर दयाल को 13,560 और रंजु देवी को 5,880 रूपए तथा गुलाब नबी खरबैना को 21,840 रूपए के बोनस का प्रमाण पत्र दिया गया। इस तरह कुल 3,78,240 रूपए का बोनस उपरोक्त किसानों के खातें में राज्य शासन द्वारा जमा कराया जा चुका हैं, जिसका प्रमाण पत्र सुशासन दिवस कार्यक्रम अवसर पर छग शासन के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा दिया गया।

### उम्मीद नहीं था, पर साय सरकार ने पूरा किया

ग्राम खरबत निवासी किसान कन्हया लाल राजवाड़े, मारवाड़ी लाल प्रजापति, जामपारा निवासी धनीराम एवं लाल बाबू ने बकाया धान बोनस मिलने पर कहा कि हमें यह बकाया राशि मिलने की उम्मीद नहीं था, लेकिन धन्य हो आज सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश के विष्णु देव सरकार ने अपने वादे के अनुरूप कर दिया और हमारे खाते में रूपए भी आ गया। सोनहत में भी सुशासन दिवस व धान बोनस वितरण का आयोजन किया गया था, इसमें काफी संख्या में किसान व ग्रामीण एलईडी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के उद्बोधन को सुना भी गया। मुख्य अतिथि व विधायक श्री राजवाड़े ने प्रतीकात्मक रूप से 30 किसानों को धान बोनस राशि वितरण प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कोरिया जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व प्रभारी कलेक्टर डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्याम बिहारी जायसवाल, नगर पालिका बैकुंठपुर अध्यक्ष श्रीमती नमिता शिवहरे, जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती वंदना राजवाड़े, जनपद सदस्य सौभाग्यवती सिंह, अपर कलेक्टर नीलम टोप्पो, एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम, सरपंच श्रीमती आनंदी सोनपाकर एवं काफी संख्या में किसान, ग्रामीण उपस्थित रहे।



## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र में मनाई गई सातवीं पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय बैकुंठपुर सेवा केन्द्र में राजयोगी ब्रह्मा कुमार ओम प्रकाश भाई की सातवीं पुण्यतिथि मनाया गया।

ब्रह्माकुमारी रेखा बहन ने बताया कि ब्रह्मा कुमार ओम प्रकाश भाई अध्यात्म जगत के महान विभूति नित नवीन सेवाओं के प्रेरणा स्त्रोत के रूप में जाने जाते हैं। इन्होंने मप्र, छग तथा उनसे लगे हुए राज्यों में लगभग 400 सेवा केन्द्रों तथा उप सेवा केन्द्र स्थापित किए। इंदौर में विशेष रूप से कन्याओं के लिए दिव्य कन्या छात्रावास की स्थापना कराई। इसमें अब तक सैकड़ों कन्याओं ने ज्ञान के पालन के साथ लौकिक शिक्षा प्राप्त की उनमें से कई कन्या समर्पित हो आदर्श ब्रह्माकुमारी टीचर बनकर अनेक स्थानों पर ईश्वरीय सेवाएं कर रही है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, पार्षद साधना जायसवाल, महिला बाल विकास सुपरवाइजर आरती गुप्ता, ब्रह्माकुमारी रेखा बहन एवं संस्था से जुड़े ब्राह्मण भाई -बहनों के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

बीके रेखा बहन ने कहा कि कमला दीदी ने दूसरों के लिए जिया उनका व्यक्तित्व ऐसा था कि सभी उनसे संतुष्ट रहते थे, वह उम्र और पद में बड़ी होते हुए भी सबको सम्मान देती थी, इसलिए वहां सभी के सम्मान का पात्र बन सकी, उनके जाने के बाद भी उनके गुण हमें प्रेरणा देते हैं।

### पलटन घाट में नहाने के दौरान डूबा युवक

**रामानुजगंज।** पलटन घाट में पिकनिक मनाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। युवक अपने साथियों के साथ झारखंड से पिकनिक मनाने के लिए आया हुआ था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी और गोताखोरों के माध्यम से शव को तलाश किया जा रहा है। फिलहाल डूबे हुए युवक का पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि झारखंड के गढ़वा निवासी 20 वर्षीय उज्जवल यादव अपने छह साथियों के साथ पिकनिक मनाने के लिए नगर के पलटनघाट आया हुआ था। पलटन घाट में नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने के कारण युवक डूब गया। इस दौरान उसके साथियों ने उज्जवल को बचाने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो सके। युवक के पानी में डूबने की जानकारी युवकों ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से शव को तलाश किया जा रहा है। इधर घटना के बाद परिजन व दोस्तों में शोक का माहौल है।

## कोयले के अवैध धंधे पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



पुलिस द्वारा पकड़ा गया कोयला।

कोयलांचल क्षेत्र में लगातार कोयला एवं लोहे की चोरी को अंजाम थाना के बगल से चोरों द्वारा किया जा रहा है। इसे लेकर हरिभूमि ने समाचार प्रकाशित किया था।

खबर प्रकाशन उपरांत एसपी त्रिलोक बंसल चरचा थाना प्रभारी को निर्देशित किए कि कोयला एवं कबाड़ चोरों के उपर कार्रवाई करें। इस पर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल किण्डों के मार्गदर्शन में थाना उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ स्टाफ के साथ कोयला चोरों को पकड़ने निकले।

मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम शंकरपुर सामुदायिक भवन पंडोपारा में खुले स्थान पर काफी मात्रा में कोयला पड़ा है। सूचना मिलते ही थाना उप निरीक्षक अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और देखा की उस जगह पर कोयला पड़ा है, जो लगभग दो टन लागत 16 हजार रुपए का कोयला बताया जा रहा है, जिसे जब्त कर चरचा थाने लाया गया।



थाने के सामने से निकलता है चोरी का कोयला

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### नशीले इंजेक्शन समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** पुलिस ने नशीला इंजेक्शन बिक्री करने की फिराक में घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 2 लाख रुपए का इंजेक्शन बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि दो युवक प्रतीक्षा बस स्टैंड में निगम कॉम्प्लेक्स के पीछे नशीला इंजेक्शन बेचने की फिराक में युवक घूम रहे है। सूचना मिलने के बाद एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला व एसडीओपी ग्रामीण अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बस स्टैंड निगम कॉम्प्लेक्स के पीछे घेराबंदी कर दो युवकों को हिरासत में लिया गया। पकड़े गए युवकों की पहचान गुदरी चौक निवासी 32 वर्षीय घनश्याम यादव उर्फ बबलू व जनपद पारा बंसल गली निवासी 33 वर्षीय राकेश सिंह उर्फ मोनू के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपी युवकों के पास से 400 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान नशीले इंजेक्शन की तस्करी कर बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश करने की बात कबूल की है। जब्त इंजेक्शन की कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है।

## संयुक्त टीम की छापामार कार्रवाई में 1940 बोरी अवैध धान जब्त

**अम्बिकापुर।** अवैध धान भण्डारण को लेकर कोचियों व बिचौलियों पर प्रशासन की कार्रवाई जिले में जारी है। मुखबिर से मिली सूचनाओं के आधार पर प्रशासनिक टीम द्वारा अलग अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर 1940 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। कोचियों द्वारा अवैध धान को समितियों में खपाने की योजना बनाई गई थी। बता दें कि जिले में चल रही धान खरीदी के दौरान कोचिए व बिचौलिए अवैध रूप से अपना धान समितियों में खपाने की फिराक में है। अवैध धान की खपत को रोकने व वास्तविक किसानों का धान समितियों तक पहुंचाने के लिए कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। टीम द्वारा समय समय पर मुखबिर से मिली सूचनाओं के आधार पर अवैध धान बरामद कर कोचियों पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन की टीम द्वारा जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर अलग अलग स्थानों से कुल 1940 बोरी धान जब्त किया गया। बताया जा रहा है कि टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर विकासखण्ड अम्बिकापुर के महामाया ट्रेडिंग से 310 बोरी अवैध धान, जेके ट्रेडिंग से 400 बोरी अवैध धान, आदर्श ट्रेडिंग से 300 बोरी अवैध धान एवं कृष्णा ट्रेडिंग से 800 बोरी अवैध धान जब्त किया है।

## संकल्प यात्रा रथ ग्रामीणों को कर रहा योजनाओं के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी



कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक चंपा देवी पावले व अन्य।

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री की शासकीय योजनाओं का प्रचार रथ जिले के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के लाई, मुसर्रा, सरभोका तथा वाही ग्राम पंचायतों में पहुंचा।

शिविर स्थल पर मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत लाई ग्राम पंचायत की निवासी मंगली ने आयुष्मान भारत योजना से प्राप्त कार्ड के बारे में, सच्चिदानंद ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा एस. कुमारी व राहेलाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास प्राप्त हुआ, इससे उनके जीवन में क्या परिवर्तन हुए सभी ने अपना अनुभव शिविर में उपस्थित लोगों के साथ साझा किया। शिविर स्थल पर कृषि विभाग के अधिकारी हीरादास पैकरा के द्वारा मृदा परीक्षण का डेमोस्टेज्शन के माध्यम से यह बताया गया कि ग्रामीण किसान अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण कर उचित मात्रा में खाद एवं बीज का उपयोग अच्छी फसल ले सकते हैं। उन्होंने समस्त कृषकों सॉयल हेल्थ कार्ड बनाने के सुझाव दिए। उत्सव समिति के सदस्य परसराम, दुलार सिंह,संतलाल सिंह, दिनेश राय, एस. कुमारी, मंगली, भानू, इंद्रवती तथा स्वागत समिति के सदस्य देव कुमार, श्यामा देवी, संतलाल साहू, कछेन्द्रनाथ, रहमत उल्लाह, ग्रिजेश कुमार साहू के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का स्वागत किया गया। ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रचार-प्रसार वाहन का स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक श्रीमती चंपा देवी पावले का भी स्वागत किया गया। पूर्व विधायक श्रीमती पावले ने शिविर में 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प दिलाई। स्वच्छ भारत मिशन, उज्जवला योजना, पीएम आवास, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, पीएम विश्वकर्मा योजना, आजीविका मिशन, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना आदि से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही योजना के लाभ से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। स्वास्थ्य टीम द्वारा टीबी, सिकल सेल की जांच की गई और आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाई उपलब्ध कराया गया।

कमेटी के महामंत्री मलकीत सिंह ने जारी की नई सूची

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी की जिला कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश में कांग्रेस की हुई हार के बाद छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मंथन करने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला शहर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी तैयार की, जिसकी अनुमोदित कार्यकारिणी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन व प्रशासन मलकीत सिंह गैदू ने जिला शहर की नई कार्यकारिणी सूची जारी की।

जारी सूची में अशोक जायसवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष अशोक पाण्डेय, भूपेन्द्र यादव, शीतल सिंह मरकाम, श्रीमजी संजोनी मरकाम, गुलाब चौधरी, कमलकांत साहू, व भूपेन्द्र सिंह तिवारी को बनाया गया। इसी तरह महामंत्री बृजवासी तिवारी, श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह, पुष्पेन्द्र राजवाड़े, रामाधान टोप्पों, अशोक शर्मा, साहब अख्तर, नरेश जायसवाल व श्रीमती



ललिता सिंह शामिल है। संयुक्त महामंत्री के रूप में विकास श्रीवास्तव, प्रखर जायसवाल, वरूण वर्मा, रामलखन यादव, कुंज बिहारी जायसवाल, मोहेलाल राजवाड़े, अखिलेश किण्डु ,सक्तर सिंह, उदित नारायण, संजय टोप्पों, मो. हुसैन, सोहन स्वामी, राजू पासवान, बद्रूद्दीन खान, उषा साहू, प्रदीप साहू, बंधन सिंह, प्रभुनारायण सिंह, तेजबली, राजाराम, सनमुख प्रजापति व श्रीमती मीना सिंह शामिल है। सचिव पद पर आदित्य शर्मा, युसूफ अली, हीरालाल साहू, साहेब सिंह काकू, धीरज सिंह, मोहित पैकरा, विक्रांत सिंह, वीरेन्द्र सोनी, अमित पाण्डेय, सत्यप्रकाश तिवारी, राकेश शर्मा, प्रदीप तिवारी, जानू वसीम, रामकुमार यादव, अनिल दुबे, घनश्याम गुप्ता, अटल कुर्रे, सुरेन्द्र पटेल, उदय सिंह, श्रीमती साधना जायसवाल, श्रीमती असगरी व श्रीमती लक्ष्मी शामिल है।

इसी तरह प्रवक्ता दीपक गुप्ता व सौरभ गुप्ता बनाए गए हैं व सोशल मीडिया प्रभारी विपुल गुप्ता व आशीष अग्रहरी को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में श्याम पैकरा, श्रीमती असगरी बेगम, अखिलेश शर्मा, दिलबंधु यादव, गणेश जायसवाल, रामधन देवांगन, इंद्रपाल सिंह, श्यामलाल, विजय पठारी, पीर मोहम्मद, रामायण, भुवनेश्वर साहू, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, वीरेन्द्र ठाकुर, वीरेन्द्र ठाकुर, अजीत राय, सुशील पैकरा, रमेश सिंह, अमीन खान, जयलाल, कुशल सिंह, विश्वनाथ को शामिल किया गया है।

### स्थाई आमंत्रित सदस्यों में सात को जगह

स्थाई आमंत्रित सदस्यों में सात को जगह-छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित कार्यकारिणी सूची में सात कांग्रेसियों को स्थाई आमंत्रित सदस्य के रूप में जगह दी है। इसमें डॉ. चरण दास महंत, श्रीमती ज्योत्सना महंत, श्रीमती अंबिका सिंहदेव, लाल विजय प्रताप सिंह, श्रीमती कलावती मरकाम व यवत कुमार शामिल हैं।

### विशेष आमंत्रित सदस्यों में पांच लोग

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन व प्रशासन के हस्ताक्षर से जारी कार्यकारिणी सूची में विशेष आमंत्रित सदस्य में पांच लोगों को शामिल किया गया है। इसमें वरिष्ठ कांग्रेसी योगेश शुक्ला, ज्योत्सना राजवाडे, वंशगोपाल जायसवाल, कृष्णा राजवाड़े व हेमसागर यादव को शामिल किया गया है।

## विधायक से मिले टीचर्स एसोसिएशन के सदस्य



विधायक भईयालाल राजवाड़े से मिलने घर पहुंचे टीचर्स एसोसिएशन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नव निर्वाचित विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े को छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र तिवारी एवं प्रांतीय संगठन सह-सचिव अशोक लाल कुर्रे के नेतृत्व में निज निवास जाकर भेंट मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी एवं शिक्षक संवर्गीय मांगों एवं समस्याओं से अवगत कराया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजवाड़े ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि मांगों को सरकार ध्यान देगी। कार्यक्रम में काफी संख्या में टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी सदस्य और शिक्षक उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से बैकुंठपुर ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश सिंह, ईश्वर दयाल राजवाड़े, रविन्द्र सिंह, लीलाराम रन्तेश, श्रीमती सरोज सिंह, पुष्पा भगत, विमला सोनवानी, नीलम जायसवाल, सुशील जायसवाल, नेतलाल राजवाड़े, नरेन्द्र पाल, हरि राजवाड़े, प्रभात वर्मा, सुरेन्द्र राजवाड़े, उमेश पटेल, राजेश गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी चेतनारायण कश्यप और राजकुमार पाल उपस्थित रहे।

25- Dec Coriya Bhoomi pg 2_Layout 1 12/25/2023 8:54 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### बालाजी मंदिर में सप्ताह भर बहेगी भागवत ज्ञान गंगा



**जशपुरनगर।** स्थानीय बालाजी मंदिर में सत्यनारायण नंदे परिवार एवम धर्मजागरण समिति के संयुक्त तत्वाधान में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर 1 जनवरी तक चलने वाले भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह को प्रातः 9 बजे ढोल नगाड़े के साथ शहर की महिलाएं और भक्त गण ने कलश यात्रा के साथ प्रारंभ किया। इस पूरे भागवत सप्ताह में पंडित बलराम शास्त्री बृंदावन वाले कथा वाचन करेंगे। पहले दिन श्रीमद् भागवत मंगला चरण महात्म्य भक्ति नारद संवाद धुंधकारी मोक्ष परिक्षित का जन्म एवम वन भ्रमण कलियुग का मिलना एवम कलियुग को वरदान प्राप्ति शुक्रदेव आगमन की कथा से शुरुआत होगी।

### अवैध उत्खनन पर की जा रही कार्रवाई

**जशपुरनगर।** जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर नियमित रूप से कार्यवाही करते हुए माह दिसम्बर 2023 में अवैध उत्खनन के 01 प्रकरण, अवैध परिवहन के 5 प्रकरण दर्ज करते हुए 03 प्रकरण में कुल 31,440 रुपए अर्थदण्ड व समझौता राशि वसूल की गई है। साथ ही शेष 03 प्रकरण में कार्यवाही किया जा रहा है। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-2024 में अवैध उत्खनन के 06 प्रकरण, अवैध परिवहन के 28 प्रकरण एवं अवैध भण्डारण के 01 प्रकरण दर्ज कर कुल 3,51,053 रूपये अर्थदण्ड व समझौता राशि वसूल की गई है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2022-2023 में अवैध उत्खनन के 22 प्रकरण, अवैध परिवहन के 25 प्रकरण एवं अवैध भण्डारण के 05 प्रकरण दर्ज कर कुल 6,52,255 रूपये अर्थदण्ड व समझौता राशि वसूल की गई है। जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण से संबंधित जांच की जा रही है एवं मामले संज्ञान में आने पर अथवा जांच के दौरान अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण होना पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही।

### विद्युत बिल समस्या निवारण शिविर आज से

**जशपुरनगर।** विद्युत विभाग द्वारा जिले में बिजली बिल समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत छ रा वि वि कं संभाग पत्थलगांव के अतंर्गत वितरण केन्द्र तपकरा, फरसाबहार और अंकिरा के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में बिजली बिल समस्या निवारण शिविर के लिए 26 दिसंबर 2023 से 22 फरवरी 2024 तक की तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि में 28 चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत जामबहार, ग्राम पंचायत घमुरा, ग्राम पंचायत पुराईनबंध, ग्राम पंचायत बांसाझाल, ग्राम पंचायत लावाकेरा, ग्राम पंचायत संडरू, ग्राम पंचायत अमडीहा, ग्राम पंचायत फरसाबहार, ग्राम पंचायत कंदईबहार, ग्राम पंचायत खुटगांव, ग्राम पंचायत बनगांव, ग्राम पंचायत मेण्डबहार, ग्राम पंचायत बोखी, ग्राम पंचायत सहसपुर, ग्राम पंचायत भगोरा, ग्राम पंचायत धौरासांड़, ग्राम पंचायत तुबा, ग्राम पंचायत तुमला, ग्राम पंचायत बारो, ग्राम पंचायत सागजोर, ग्राम पंचायत बाबुसाजबहार, ग्राम पंचायत कोल्हेनझरिया, ग्राम पंचायत भेलवा, ग्राम पंचायत गझियांडीह, ग्राम पंचायत माटीपहाड़छर्रा, ग्राम पंचायत कोरंगामाल, ग्राम पंचायत जोरण्डाझरिया और ग्राम पंचायत अंकिराशामिल हैं।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 29 तक आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 5 बालक, बालिकाओं को 25 हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा।

---

## 16240 किसानों को 34 करोड़ 88 लाख की राशि का किया गया भुगतान

# सुशासन दिवस पर धान का बकाया बोनस वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर को राष्ट्रीय सुशासन दिवस के रूप में जिला मुख्यालय के मंत्रणा सभाकक्ष में मनाया गया। इस अवसर पर जिले के किसानों को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर समितियों के माध्यम से तथा छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा उपार्जित धान पर प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया।

- मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन किसानों के खाते में धान बोनस राशि किया हस्तांतरित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हितग्राही कृषकों से संवाद किया और किसानों के खाते में ऑनलाइन जिले के 16240 किसानों को धान बकाया बोनस राशि कुल 34 करोड़ 88 लख रुपए की राशि हस्तांतरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत शामिल हुईं और धान बोनस राशि वितरण होने पर किसान बंधुओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत स्वच्छता पखवाड़ा सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित की जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसके माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने लोगों से योजनाओं का लाभ लेने आग्रह किया। प्रदेश सहित जिले में सभी क्षेत्रों में विकास किया जाएगा। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के लिए सर्वे किया जा रहा है। क्षेत्र में विकास कार्य किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, पूर्व पर्यटन मंडल के अध्यक्ष कृष्णा राय, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, जनपद सदस्य श्रीमती शारदा प्रधान, विजय आदित्य सिंह जूदेव, सत्येंद्र सिंह, विनोद मिश्रा, कृपाशंकर भगत, पदाधिकारी गण, किसान बंधु एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



प्रमाण पत्र वितरण करती विधायक रायमुनी।

### सभी विकासखण्ड में कार्यक्रम आयोजित

जशपुर विकासखंड में कलेक्टोरेट मंत्रणा कक्ष, मनोरा में हाई स्कूल सभागार, बगीचा में एनआरएलएम भवन, कांसाबेल में मंगल भवन, कुनकुरी में जनपद पंचायत सभागार, दुलदुल में मंगल भवन, फरसाबहार में सामुदायिक भवन एवं पत्थलगांव में इंडोर स्टेडियम हाल में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### किसानों को धान बोनस राशि प्रमाण पत्र का किया वितरण

इस दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती रायमुनि भगत ने अनारथ साय, कश्मीर कुजूर, निकोलस, पुरंदर साय, बंधु राम, बलदेव सिंह, श्री बनेशेवर साव, शिशिर सिंह परमार, सर्वेश्वर सिंह सहित अन्य किसानों को धान बोनस राशि प्रमाण पत्र का वितरण किया और बधाई दी। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा कृषकों से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान पर 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से पूर्व के वर्षा का बकाया धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना के तहत जिले में कुल 34 करोड़ 88 लख रुपए की राशि का भुगतान किया गया। खरीफ वर्ष 2014-15 में जिले के 8 हजार 64 किसानों को 16 करोड़ 14 लाख एवं 2015-16 के 8 हजार 179 किसानों को 18 करोड़ 75 लाख बोनस का लाभ मिला। इनमें जशपुर विकासखंड के 142 किसानों को 35 लाख, दुलदुला विकासखंड के 403 किसानों को 63 लाख, मनोरा के 264 किसानों को 36, बगीचा के 1147 किसानों को 2 करोड़ 18 लाख, कुनकुरी के 657 किसानों को 1 करोड़ 50 लाख, फरसाबहार के 998 किसानों को 2 करोड़ 20 लाख, कांसाबेल के 984 किसानों को एक करोड़ 78 लाख और पत्थलगांव के 3469 किसानों को 7 करोड़ 14 लाख की राशि भुगतान किया गया।

---

## बकाया बोनस का वितरण कर भाजपा ने सच कर दिखाया मोदी की गारंटीः गुप्ता

भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत जो भी वायदे पूरे किये थे,वो सभी पूरे किए जाएंगे।

- कांसाबेल में 3 करोड़ 69 लाख बोनस का वितरण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शपथ ग्रहण करने के साथ ही,इस दिशा में तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। कैबिनेट की पहली ही बैठक में 18 लाख से अधिक प्रदेशवासियों को पीएम आवास मिल चुका है। महतारी वंदन योजना, अनुपूरक बजट में शामिल किया जा चुका है। और आज, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के किसानों को दो साल के बकाया बोनस राशि का भुगतान कर दिया है। उक्त बातें, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता ने कही। वे कांसाबेल के मंगल भवन में आयोजित सुशासन दिवस के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत के सदस्य सालिक साय भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष गुप्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की छायाचित्र में माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गणेश जैन, भूषण वैष्णव, आलोक सारथी, सुदाम पंडा, सूरज साय, केशव पांडे, घनश्याम अग्रवाल, अमित जिंदल, विवेक अग्रवाल, सुभाष चंद्र, हनुमान पारिक, गणेश गुप्ता के साथ हितग्राही किसान, स्थानीय अधिकारी व आमजन शामिल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुशासन की शुरूआत प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही हो चुकी है। बीते पांच साल में कांग्रेस के कुशासन के दौरान,छत्तीसगढ़ के विकास को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करते हुए, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश, विकास की एक नई उंचाई को छुएगी।



अटल विहारी वाजपेयी तैल्य चित्र पर माल्यर्पण करते अतिथि।

### अन्नदाता को 3 करोड़ 69 लाख बोनस का वितरण

कांसाबेल ब्लाक में सोमवार को 3 करोड़ 69 लाख रूपये बकाया धान बोनस का वितरण किया गया। सरकारी आंकड़े के अनुसार 2014-15 में 984 किसानों का 1 करोड़ 78 लाख और 2015-16 955 किसानों का 1 करोड़ 91 लाख रूपये का बोनस का वितरण किया गया है।

डीडीसी सालिक साय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने जिस सपने को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी,उसे पूरा भी भाजपा ही करेगी। प्रदेश के सभी वर्गों का ख्याल सरकार रख रही है। जशपुर के माटीपुत्र विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से,जशपुरवासियों का सपना पूरा हुआ है, साथ ही भाजपा ने आदिवासी समाज का मान भी बढ़ाया है।

---

## सुशासन दिवस पर किसानों को मिला बड़ा तोहफा

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एक और गारंटी पूर की गई। आज जशपुर जिला सहित पूरे प्रदेश भर के किसानों को दो साल के बकाया बोनस का भुगतान किया गया। बोनस राशि वितरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य के 11 लाख 76 हजार 815 किसानों को 3 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपये के बकाया बोनस राशि का वितरण किया। जिसमें जशपुर जिले के 16240 किसानों को 34 करोड़ 88 लाख की राशि का भुगतान किया गया। वर्चुअल माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में जिले भर से सैकड़ों किसान जुड़े हुए थे। कलेक्ट्रेट मंत्रणा कक्ष में कार्यक्रम में अतिथि जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने किसानों को बोनस राशि प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तुरीलोदाम के किसान बलदेव सिंह से बताया कि उन्हें खरीफ वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से कुल 1 लाख 62 हजार 6 सौ रुपए की बोनस राशि प्राप्त हुई है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि आज बोनस के रूप में प्राप्त राशि का वे कृषि कार्य, परिवार एवं नाती-पोती की शादी-विवाह में लगाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि “मोदी की गारंटी”को सरकार पूरी कर रही है और किसानों के हित में सरकार बड़ा फैसला ले रही। जिससे हम सभी किसानों को बेहतर लाभ मिलेगा। तुरीलोदाम के बलदेव सिंह मूल रूप से किसान है और खेती-किसानी करके परिवार का जीविकोपार्जन करते है। उन्होंने बताया कि उनका 30 एकड़ से अधिक की जमीन है। जहां वे पूर्ण रूप से खेती-किसानी करते है। उनके परिवार में 10 से अधिक सदस्य है। जशपुर के किसान शिशिर परमार ने बताया कि उन्हें कुल 72 हजार रुपए की बोनस राशि प्राप्त हुई है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी बहुत-बहुत धन्यवाद आभार प्रकट किया है।



किसानों को किया गया प्रमाण पत्र का वितरण।

इसी तरह धान बोनस की राशि जारी होने पर जिले भर के किसानों ने छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त किया हैं। किसान श्री अनारथ साय और श्री उगन साय ने भी मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने सदैव किसान हित में कार्य किया है व किसानों के दर्द को करीब से समझा है। मुख्यमंत्री श्री साय सदा ही किसानों के हित की बात की है। जशपुर के किसान काशमीर कुजूर, निकोलस ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत आज धान का बकाया बोनस की राशि एकमुश्त देख कर सभी किसानों को बड़ा तोहफा दिया है, सभी किसान बहुत उत्साहित है। सरकार की किसान हितों वाली फैसला से हम खुश है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान ख़रीदी के लिए भी सरकार और मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत आभार धन्यवाद। इसके साथ ही जिले के किसान बानेश्वर साव, रामकिशुन, रामसेवक राम सहित अन्य किसानों ने भी छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त किया है।

---

## सुशासन के लिए भाजपा प्रतिबद्धः गोमती

**पत्थलगांव।** अपने तय कार्यक्रम के तहत विधायक श्रीमती गोमती साय रायगढ़ रोड में राज्य सरकार के स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेने के बाद शारदा मंदिर के पास स्वछता दीदी एवं भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ स्वछता अभियान में भाग लिया।

- पत्थलगांव पहुंची विधायक गोमती साय

इसके बाद नगर पंचायत के वृद्ध जनों का सम्मान समारोह में भाग लिया। सम्मान समारोह में नगरपंचायत क्षेत्र के वृद्ध जनों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। साथ ही वहां मौजूद पत्रकार आमजन, भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं प्रशासन के अधिकारि कर्मचारियों के बीच सुशासन के लिए एकसाथ शपथ लिया गया। विधायक गोमती साय ने सब के सामने कहते हुए सुशासन के लिए अपनी प्रतिबद्धता बताते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज आप सभी के बीच मैं पहुच कर बहुत खुश हूं। आप सभी ने इतने छोटे कार्यक्रम को इतना बड़ा बना कर दिखाया इससे आप सभी लोगों का मेरे प्रति प्यार झलकता है।



इसके बाद रेस्टहाउस में आमजनों के साथ मिले जिसमें मुख्य रूप से पत्थलगांव के मुख्य समस्याओं को विधायक गोमती साय के सामने रौनियार समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन यादव, मुकेश अग्रवाल, दुर्ग़ा नायक ने शहर के सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर एवं जीवन उपयोगी मशीनों के साथ आईसीयू को बेहतर ढंग से शुरु करने व पत्थलगांव शहर को रिंग रोड रायगढ़ रोड से अम्बिकापुर,रायगढ़ से जशपुर एवं अम्बिकापुर से जशपुर रोड का काम शुरू कराने की बात रखी। साथ ही पत्थलगांव को पीने का पानी की समस्या से निजात दिलाने व क्षेत्र वासियों की बहु प्रतिक्षित मांग बांध बनाने की रही है जिससे पत्थलगांव क्षेत्र वासियों को कम दूरी में पीने का पानी उपलब्ध हो सकेगा वर्तमान में पत्थलगांव में बोर खनन करने समय 1000 से 1200, फिट तक मे भी पानी उपलब्ध नही हो पा रहा है कारण है कि पत्थलगांव क्षेत्र में पानी का ठहराव के लिए कोई बांध या अन्य उपाय नही है। एक मात्र छोटा सा नाला जहां से पानी बहता है। डुंडुंग जोर नाला जहां अगर बांध बनाया जाता है। तो क्षेत्र वासियों को कम दूरी में ही पाइन का पानी उपलब्ध हो सकेगास राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई जहां कुल 116 किसानों को धान बोनस दिया गया मौजूद किसान काफी खुश दिखे धान बोनस कार्यक्रम में विधायक गोमती साय ने किसानों को बोनस का प्रमाण पत्र देकर कहा कि ये बोनस आप लोगो के लिए है। जिसे हमारी भारतीय जनता पार्टी की छतीसगढ़ सरकार ने दिया है। ने सभी से कहा कि ये भाजपा की सरकार आपकी की अपनी सरकार है। हम आप सभी के सभी हितों का ध्यान रख कर कार्य करेंगे पहली प्राथमिकता आप सभी के क्षेत्र की समस्याओं को जल्द दूर करने का होगा जो आने वाले दिनों में आप देखेंगे इस पूरे कार्यक्रम में भाजपा के महामंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव , भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष अनिल मित्तल, ग्रामीण मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाँटीयां, नगरपंचायत के उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता, भाजपा युवामोर्चा के शोर्य प्रताप सिंह जूदेव वार्ड नम्बर 10 के पार्षद अजय अग्रवाल, मण्डल महामंत्री अंकित बंशल, मण्डल भाजपा जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नरेश यादव,लुड़ेग तमता मण्डल महामंत्री जगदीश यादव, मण्डल महामंत्री सुरेश यादव, जिला सदस्य युवामोर्चा, रविशंकर यादव तमता के उप सरपंच विशाल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।

---

## 1997 किसानों को दो वर्षों का बोनस मिला चार करोड़ सत्तासी लाख रुपये

**फरसाबहार।** जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति तपकरा में पंजीकृत किसानों को अटल सुशासन दिवस के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी अपने चुनावी वादे के अनुसार दो वर्षों का धान बोनस दे रही है। फरसाबहार विकासखंड मुख्यालय के सामुदायिक भवन में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रोहित साय के कर कमलों से वर्ष 2014-15 में पंजीकृत 998 किसानों को 2 करोड़ 20 लाख रुपये एवं 2015-16 में पंजीकृत 999 किसानों को 2 करोड़ सड़सठ लाख रुपये, इस प्रकार दो वर्षों का 1997 किसानों को 4 करोड़ 87 लाख रुपये का बोनस राशि का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

- बकाया बोनस राशि मिलने से किसान उत्साहित

मुख्य अतिथि रोहित साय ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। उनके प्रधानमंत्री बनते ही भारत के गांवों तक पक्की सड़कें पहुंची। उनके योगदानों को सम्मान देने के लिए हम सुशासन दिवस मनाते हैं।अटल जी जब प्रधानमंत्री बने तक तब किसानों को क्रेडिट कार्ड मिलना शुरू हुआ। विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही कैबिनेट में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। और अब 18 लाख गरीब परिवार को अपना आवास मिलेगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए सुशासन दिवस पर किसानों को बोनस दिया गया।



धान बोनस वितरण समारोह में उपस्थित किसानों को भजन साय, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष वेदप्रकाश भगत, तपकरा भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिलेश्वर सिंह एवं तेजस्वरी सिंह ने संबोधित करते हुए। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी थे। जिन्होंने हमे हमारा राज्य दिया, हमारी पहचान दी। छत्तीसगढ़ राज्य हमारे भारतीय जनता पार्टी ने बनाया है और अब हम ही इसे संवारेंगे। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय साय पैंकरा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती शकुंतला पांडेय, नटवर मूंदड़ा, संतोष जायसवाल, मनोज जायसवाल, बद्रीनाथ आपट, हरिशंकर यादव, गणेश यादव, लक्ष्मी नारायण पटेल, यदुवार गुप्ता, राधिका पैंकरा, श्रीमती पैंकरा, एस डी एम प्रदीप राठिया, सीआई जनपद पंचायत धनेश टेंगवार सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

---

## 28 दिसंबर को सीएम के प्रथम जिला प्रवास को ऐतिहासिक बनाने में जुटी भाजपा

# विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से जशपुरवासियों का सच हुआ सपना : राय

**जशपुरनगर।** पांच साल के कांग्रेस के कुशासन के विरूद्ध संघर्ष के बाद जिले की तीनों विधानसभा सीटों में जो भाजपा को जीत मिली है, यह पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत और जिलेवासियों के विश्वास की जीत है। प्रदेश में सरकार बनने के बाद, कार्यकर्ताओं का ध्यान रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह बातें जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण कुमार राय ने कही। वे, जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

बैठक का आयोजन सोमवार को आयोजित होने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस और 28 दिसंबर को प्रस्तावित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रथम जिला प्रवास पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श करने के लिए आहूत की गई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि सोमवार को सुशासन दिवस के अवसर पर जिले के सभी अटल चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही मंडल और बूथ स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन प्रभारियों को सुनिश्चित करना है। 26 दिसंबर को सिक्ख धर्म के 10 वें गुरू, गुरू गोविंद सिंह के वीर बलिदानी पुत्रों की वीर गाथा का स्मरण करने और आम लोगों को वीरगाथा की जानकारी को आम लोगों को अवगत कराने के लिए वीर बाल बलिदान दिवस का आयोजन किया जाना है। इस दिन, इन वीर बाल बलिदानियों का चित्र लगा कर, सभा का आयोजन करना है। उन्होनें 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जिले की पहली यात्रा को ऐतेहासिक बनाने के लिए, कार्यकर्ताओं को बूथ से लेकर जिला स्तर तक काम करने की अपील की। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि जशपुर के माटीपुत्र विष्णुदेव साय का मुख्यमंत्री पद पर पहुंचना, दिलीप सिंह जूदेव का सपना पूरा होना है। उन्होनें कहा कि विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद,मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा होने पर सभी जिलेवासियों की निगाहें टिकी हुई थी। हम सबकों शुरू से विश्वास था कि विष्णुदेव साय ही मुख्यमंत्री बनेगें, जो अंततः सच साबित हुआ।



विधायकों को सम्मानित करते भाजपा कार्यकर्ता।

उन्होनें जशपुर विधानसभा सीट पर मिली जीत का उल्लेख करते हुए कहा कि अपने ही लोगों के द्वारा सताए जाने के कारण, जशपुर में पार्टी को अधिक संघर्ष करना पड़ा। ऐसे लोगों के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं है। जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि जशपुर विधानसभा सीट में जो जीत मिली है, वह पार्टी कार्यकर्ताओं की जीत है। उन्होनें कहा कि पार्टी मां के समान होती है और मां के साथ छल कपट नहीं किया जाता, उनका सम्मान किया जाता है। पत्थलगांव की विधायक गोमती साय ने कहा कि उन्हें पत्थलगांव से चुनाव लड़ाने की तैयारी, चुनाव की घोषणा से दो माह पहले से चल रही थी। लेकिन, वो इसके लिए तैयार नहीं थी। लेकिन, जब पार्टी के हाईकमान का आदेश आया तो, अनुशासित कार्यकर्ता की तरह, उन्होनें पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत पर विश्वास करते हुए, पत्थलगांव से चुनाव लड़ने की चुनौती को स्वीकार किया।

गोमती साय ने कहा कि विष्णुदेव साय का मुख्यमंत्री बनना, पूरे जशपुरवासियों के लिए सम्मान की बात है। आज आप पूरे प्रदेश में कहीं भी चले जाईये, जशपुर का नाम सुनते ही, लोग आपकों सम्मान के नजर से देखने लगते हैं। इस सम्मान को बनाए रखने के लिए हमें आगे भी काम करना है। लोकसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए, उन्होनें कहा कि विधानसभा चुनाव में मिली जीत, सेमी फाइनल जीतने के समान है। लोकसभा चुनाव का फाइनल जीतना अभी बचा है। इसलिए, सारे कार्यकर्ता, संघर्ष के लिए तैयार रहे।

25- Dec Coriya Bhoomi pg 2_Layout 1 12/25/2023 8:43 PM Page 1





# 150 करोड़ के पार पहुंचा 'डंकी' का कलेक्शन..

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' ने दुनियाभर में टिकट खिड़की पर तीन दिन में 157.22 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म के निर्माताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म 'डंकी' शाहरुख खान की इस साल प्रदर्शित हुई तीसरी फिल्म है, जो बृहस्पतिवार को रिलीज हुई थी। फिल्म में शाहरुख के अलावा तापसी पन्नू, विक्की कौशल, बोमन ईरानी, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर मुख्य भूमिका में हैं। 'डंकी' के निर्माण में शामिल कई प्रोडक्शन हाउस में से एक 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' ने अपने आधिकारिक 'एक्स' पृष्ठ पर टिकट खिड़की के आंकड़े साझा किए।

लाइफ Style



# तृप्ति

## रश्मिका ने कराया कंफर्टेबल फील

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म से उन्हें वो शोहरत मिली है, जिसकी उन्हें लंबे समय से दरकार थी। तृप्ति को लेकर कई मीडिया इंटरव्यू हो चुके हैं। उन्हें बड़ी-बड़ी फिल्मों के ऑफर मिलने की बात भी सामने आई है।

एनिमल से तृप्ति को लाइमलाइट तो खूब मिली है, लेकिन फिल्म में उनका रोल मात्र 15 मिनट का था। जबकि, लीड एक्ट्रेस के रोल में रश्मिका मंदाना थीं। हालांकि, रश्मिका से ज्यादा लोग तृप्ति के बारे में बात कर रहे हैं। कहा जाता है कि एक म्यान में दो तलवार नहीं रह सकतीं। सेट पर तृप्ति के साथ रश्मिका का बर्ताव कैसा था, वह उनके साथ अच्छी थीं या नहीं, इसका खुलासा तृप्ति ने किया है। तृप्ति से पूछा गया कि सेट पर रश्मिका का उनके साथ कैसा बिहेवियर था। उन्होंने कहा कि उनके साथ किसी भी तरह का निगेटिव माहौल नहीं था। उन्होंने कहा कि रश्मिका उनके पास आईं और उन्हें गले लगाया। वह यह समझ पा रही थीं कि तृप्ति को ऑकवर्ड फील हो रहा है। तृप्ति ने बताया कि रश्मिका ने उन्हें कंफर्टेबल फील कराने की कोशिश की और एक नामी एक्ट्रेस के तौर पर उनकी ये क्वॉलिटी उन्हें बहुत पसंद आई। तृप्ति डिमरी ने खुद को रणबीर कपूर की फैन बताया। उन्होंने कहा कि वह रणबीर के साथ हमेशा से काम करना चाहती थीं और एनिमल वो मीडियम बना। रणबीर अपनी परफॉर्मेंस को लेकर सीरियस रहते हैं। तृप्ति ने बताया कि अपनी आर्ट और काम पर रणबीर की इतनी मजबूत पकड़ है कि उनसे बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है।

हॉलीवुड मसाला



# लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

**लॉस एंजेलिस।** 'फास्ट एंड फ्यूरियस' एक्टर विन डीजल को लेकर हाल ही में एक बड़ी खबर सामने आई है। खबर है कि विन डीजल पर उनकी एक्स असिस्टेंट ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। लॉस एंजेलिस में दायर मुकदमे के अनुसार, एस्टा जोनासन का दावा है कि एक्टर ने अटलांटा में 'फास्ट फाइव' के सेट पर काम करने के दौरान 2010 में उनका यौन उत्पीड़न किया था। मुकदमे के अनुसार सितंबर 2010 में देर रात के बाद जोनासन को सेंट रेगिस होटल में डीज़ल के होटल में रहने के लिए कहा गया था।



# बॉसी लुक में स्पॉट हुईं बेला हदीद...

**लॉस एंजेलिस।** बेला हदीद हॉलीवुड इंडस्ट्री की मोस्ट ब्यूटीफुल एक्ट्रेसेस में से एक हैं। इवेंट, पार्टीज में अक्सर वह अपनी बोल्डनेस का तड़का लगाती नजर आती हैं। इसी बीच बीते दिन एक बार फिर उनका हॉट अवतार देखने को मिला। एक्ट्रेस को न्यूयॉर्क सिटी में एक फोटोशूट के लिए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से सबको इंप्रेस करती नजर आईं। लुक की बात करें तो सुपरमॉडल का ऑफ व्हाइट शर्ट के साथ ओपन लैदर जैकेट और ब्लैक पैंट बॉस लेडी लुक देखने को मिला। इस लुक को उन्होंने ट्रांसपेरेंट शेड्स, कानों में बालियां और खुले बालों से कंप्लीट किया और बगल में ब्लैक पर्स कैरी किया।



# अभिनेत्री श्रिया बनीं टॉप ऑफ द टाउन...

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस श्रिया रेड्डी ने 'सालार' में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से लोगों को इंप्रेस कर दिया है। मूवी में उन्होंने 'राधा रामा' का रोल प्ले किया है और स्क्रीन पर एक्ट्रेस को देखकर लोग उनके दीवाने हो गए हैं। 17 साल बाद श्रिया ने 'सालार' से टॉलीवुड में वापसी की है और अपने शानदार कमबैक से मूवी लवर्स को अपना मुरीद कर दिया है। वहीं, एक्ट्रेस भी फिल्म के डायरेक्टर प्रशांत नील की आभारी हैं कि उन्होंने 'राधा रामा' के किरदार के लिए उन्हें चुना है। सालार में 'राधा रामा' के किरदार में नजर आईं एक्ट्रेस श्रिया रेड्डी साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री हैं, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी के जन्म के बाद फिल्मी पर्दे से लंबे समय से दूरी बनाकर रखी हुई थी। गौरतलब है कि श्रिया पूर्व इंडियन क्रिकेटर भरत रेड्डी की बेटी हैं।



# '12वीं फेल' अब ओटीटी पर मचाएंगी धमाल

**मुंबई।** विक्रांत मैसी की '12वीं फेल' इस साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन शानदार रहा। दर्शकों और क्रिटिक्स की तरफ से फिल्म को खूब सराहा गया। वहीं थिएटर्स में धमाल मचाने के बाद अब 12वीं फेल ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 29 दिसंबर को स्ट्रीम होगी। विधु विनोद चोपड़ा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने उम्मीद से ज्यादा कमाई कर सभी को हैरान कर दिया था। 20 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 62 करोड़ कमाए थे। इस फिल्म को देखने के बाद हर कोई विक्रांत मैसी की एक्टिंग का मुरीद हो गया था। फिल्म में उन्होंने मनोज कुमार शर्मा की भूमिका निभाई है।

# प्रियंका की बिगड़ी तबीयत अस्पताल में हुईं भर्ती...

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस फेस प्रियंका चैहर चौधरी के फैंस को चिंता में डालने वाली एक खबर सामने आई है। एक्ट्रेस की अचानक तबीयत खराब हो गई है और वह अस्पताल में भर्ती हैं। इस बात की जानकारी प्रियंका के दोस्त कमल दादिल्ला ने दी है



और साथ ही उनकी अस्पताल से एक तस्वीर भी शेयर की है। टीवी शो उडारियां में प्रियंका चाहर चौधरी के साथ काम कर चुकीं कमल दादिल्ला ने अपने इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की एक फोटो शेयर की, जिसमें उनके हाथ में ड्रिप्स लगीं नजर आईं। इस फोटो के साथ दोस्त ने कैप्शन में लिखा, जल्दी ठीक हो जाओ। दोबारा हमारी बबली गर्ल बन जाइए। वहीं,एक इंटरव्यू में प्रियंका चाहर चौधरी की दोस्त कमल ने उनका हेल्थ अपडेट देते हुए कहा, एक महीने से प्रियंका का ब्लड प्रेशर ऊपर-नीचे हो रहा था। उन्हें बहुत जल्दी थकान हो रही थी। उनके साथ चीजें ठीक नहीं हो रही थीं। उन्हें बहुत जल्दी बुखार भी चढ़ जा रहा था। इस वजह से आज वह अस्पताल में भर्ती हुईं। उनके कई टेस्ट हुए हैं और भगवान की कृपा से सबकुछ ठीक है। इस खबर के बाद प्रियंका चाहर चौधरी के फैंस काफी चिंतित हो गए हैं और एक्ट्रेस की अच्छी सेहत के लिए दुआएं कर रहे हैं।


# सात साल का सफर रहा उतार चढ़ाव से भरा : फातिमा शेख



**मुंबई।** स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'दंगल' से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फातिमा सना शेख फिल्म की रिलीज के सात साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं। इसमें फातिमा ने पहलवान गीता फोगाट की भूमिका निभाई थी। यह महावीर सिंह फोगाट और उनकी बेटियों गीता और बबीता पर आधारित एक बायोपिक है। यह फिल्म सिर्फ एक सिनेमाई मनोरंजन नहीं थी, इसमें वास्तविक जीवन की कुश्ती चैंपियन की कहानी दिखाई गई थी, जिसका किरदार फातिमा ने निभाया था। फातिमा ने अपनी यात्रा पर विचार करते हुए कहा, दंगल को सात साल हो गए हैं, एक ऐसी फिल्म जिसने सिनेमा में मेरी शुरुआत की और मुझे खुशियों से भरी यादें दीं। दंगल से लेकर 'धक धक' तक मेरा फिल्मी करियर खुशी, आंसुओं और दुख के साथ भावनाओं का उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा है। उन्होंने आगे कहा, गीता फोगाट हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखेंगी और इस किरदार को मिले सभी प्यार के लिए मैं आभारी हूं। उनका किरदार निभाने के सात साल के नाम, दंगल परिवार के नाम, जिसने इसे संभव बनाया और इस अद्भुत फिल्म के जादू के नाम।

# अरबाज करेंगे मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी

**मुंबई।** अभिनेता अरबाज खान मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी करेंगे। खबरों के मुताबिक अरबाज खान की पत्नी शूरा रविना टंडन और राशा थदानी की मेकअप आर्टिस्ट हैं। खबरों के मुताबिक, अरबाज अपनी सिस्टर अर्पिता के घर पर शादी करेंगे और केवल कुछ लोग और कुछ करीबी लोग अपनी शादी में शामिल होंगे। इस बीच, अरबाज का एक वीडियो वायरल हो रहा है, वीडियो में, पपराजी ने अरबाज की शादी की तारीख से पूछा कि 'शादी में कब आना है?' अरबाज ने पपराजी को चुप रहने के लिए कहा। बता दें कि शूरा



खान से पहले, अरबाज मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी के साथ रिलेशनशिप में थे, दोनों का हाल ही में ब्रेकअप हुआ है। जॉर्जिया ने अपने ब्रेकअप के बारे में एक साक्षात्कार में भी बात की थी। उन्होंने बताया था कि वह अभी भी अच्छे दोस्त हैं, लेकिन रिश्ते में एक साथ नहीं रहना चाहते हैं। अरबाज और मलाइका का 2017 में तलाक हो गया था।

# ट्रोलर के निशाने पर आई कृर्ति



**मुंबई।** एक्ट्रेस कृर्ति सेनन का एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें अदाकारा डरते-डरते गाय को छूते हुए नजर आ रही हैं। इस वीडियो को लेकर अब कृर्ति सेनन को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। कृर्ति सेनन के इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि वह अपने जिम सेशन से बाहर आईं और वहां उनकी कार के पास एक गाय और भारी लोगों की भीड़ मौजूद है। इस दौरान कृर्ति गाय के मस्तिक पर टच कर आशीर्वाद लेती हुई नजर आ रही हैं। लेकिन वह गाय को छूने में काफी डरती हुईं दिखाई दे रही हैं। बस इसी मसले को लेकर अब कृर्ति सेनन को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। लेटेस्ट वीडियो को लेकर कृर्ति सेनन ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। गाय को छूने वाले कृर्ति के लेटेस्ट वीडियो को लेकर नेटिजंस ने अपनी भड़ास वीडियो पर कमेंट कर के निकाली है। एक यूजर ने लिखा है- गाय को छूने में इतना डर लग रहा है कुत्ते को छूने में नहीं, हद है सनातन के नाम पर धब्बा।

# नए साल में इन फिल्मों की रहेगी धूम

***मुंबई।** जिस तरह साल 2023 बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहतर रहा उसी तरह साल 2024 से भी यही उम्मीद की जा रही है। अब रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण की 'फाइटर' जैसी फिल्मों के अलावा और भी बड़े बैनर की मूवी बनकर तैयार हैं, जो जनवरी 2024 में रिलीज होने की लिस्ट में लगी हुई हैं।*

### 12 जनवरी को रिलीज होगी 'कल्कि 2898'

इस साल की शुरूआत दीपिका पादुकोण की फिल्म 'कल्कि 2898' से हो रही है। ये मूवी 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दीपिका के अलावा प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पटानी हैं। 2023 तो दीपिका के लिए बहुत लकी रहा लेकिन देखने वाली बात है कि 2024 की शुरूआत उनके लिए कैसी रहती है।

### 'मेरी क्रिसमस'

इस लिस्ट में अगली फिल्म है मेरी क्रिसमस जिसमें कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति हैं। कैट की ये फिल्म दो भाषाओं में रिलीज होने को तैयार है, जो 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।




### लाल सलाम

साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'लाल सलाम' भी साल 2024 में रिलीज होने को तैयार है। ये एक तमिल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म, जिसका फैंस को इंतजार है। आपको बता दें कि ये भी 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### 'गुंटूर करम'

महेश बाबू की अपकमिंग फिल्म, 'गुंटूर करम'एक एक्शन एंटरटेनर है, जो त्रिविक्रम श्रीनिवास द्वारा निर्देशित है। टॉलीवुड की मचअवेटेड फिल्मों में से एक मूवी 13 जनवरी को रिलीज होगी। खबरों के अनुसार मूवी का ट्रेलर 1 जनवरी को आएगा, जिसका फैंस इंतजार कर रहे हैं।

### फाइटर

नए साल के पहले महीने के अंत में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर रिलीज होने वाली है। ये मूवी 25 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी, जिसका फैंस इंतजार कर रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित फिल्म हवाई एक्शन ड्रामा भारत का पहला हवाई एक्शन है, जो सभी के लिए रोचक होने वाली है।

## खबर संक्षेप

### विश्वकर्मा योजना के प्रदेश सह संयोजक बने कृष्णा



**अम्बिकापुर।** नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष हिमांशु चौहान के अंबिकापुर दौरे कार्यक्रम में अजय प्रजापति, राजू राजवाड़े रायगढ़ से संगठन से अनिरुद्ध गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में भारत सरकार के बेहतरीन योजना विश्वकर्मा योजना के प्रदेश सह संयोजक कृष्णा प्रजापति को बनाए जाने पर शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन श्याम गुप्ता ने कहा कि छोटे कारीगरों को इस योजना के लाभ मिलने पर उनके आर्थिक विकास के ग्राफ बढ़ेंगा और पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनेंगे।

### दो दिन में तीन दुकानों में हुई चोरी

**अम्बिकापुर।** दो दिनों में तीन स्थानों पर हुई चोरी ने पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोल दी है। बस स्टैण्ड स्थित विद्यादीप किताब दुकान, शिव मंदिर के सामने स्थित प्रताप पान ठेला और बाजार चौक स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में हुई चोरी से क्षेत्र के व्यापारियों में भय का माहौल है। शुक्रवार की रात बाजार चौक स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से चोरों ने ठेला के पीछे लगे लोहे की चादर को तोड़कर फोटो कॉपी प्रिंटर सहित अन्य समान चोरी कर ले गए। शनिवार को बस स्टैण्ड स्थित विद्यादीप से फोटो कॉपी प्रिंटर, कापी और नगद रूपए सहित अन्य सामानों की चोरों ने पीछे के हिस्से में सेंध लगा चोरी कर ले गए। शनिवार को चोरों ने प्रताप के पान ठेला के नीचे पटरा को उखाड़कर सिगरेट के पैकेट, पान मसाला और नगद रूपए पार कर दिया। पीड़ितों ने घटना की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल का जायजा लेकर चोरों की तलाश रही है।

### एनएच 130 पर जलती मिली दो लावारिस बाइक

**अम्बिकापुर।** एनएच 130 पर बीती रात हुई एक घटना में दो लावारिश बाइक जलते हुए मिले है। बाइक किसके है या किसने बाइक को आग के हवाले किया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस द्वारा बाइक को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि एनएच 130 पर उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम दावा पुल पर दो बाइक के जलने की जानकारी पुलिस को मिली थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो बाइक में आग लगी हुई थी। थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर, एएसआई गोमती यादव, प्रधान आरक्षक शत्रुधन, सरजू राजवाड़े द्वारा आस पास के घरों से पानी लाकर बाइक में लगी आग को बुझाया गया लेकिन तब तक दोनों बाइक जलकर खाक हो चुकी थी। पुलिस द्वारा फिलहाल बाइक को जब्त कर थाने में रखा गया है लेकिन अब तक बाइक के स्वामी की जानकारी नहीं मिल पाई है। एनएच पर जांच के दौरान किसी दुर्घटना के संकेत भी नहीं मिले है ऐसे में इस घटना ने अनेकों सवालों को जन्म दिया है। संभावना यह भी जताई जा रही है किसी घटना को अंजाम देने के बाद बाइक को आग लगाया गया है या फिर किसी वाहन की टक्कर से बाइक में आग लगी। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में दी गई योजनाओं की जानकारी

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जिले के समस्त विकासखंडों में किया गया। शिविर के दौरान केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देने के साथ ही योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शिविर में हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवा आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। इसके साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाकर बीपी, शुगर की जांच की गई और दवाओं का वितरण किया गया।

## सुशासन दिवस: ग्राम पंचायतों में पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेयी को दी गई पुष्पांजलि

# छत्तीसगढ़ के निर्माता अटलजी का किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म दिवस 25 दिसंबर को भाजपाईयों के द्वारा सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिलेभर के ग्राम पंचायतों में स्थित अटल स्तंभ पर स्व. बाजपेयी का छायाचित्र रखकर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनका जन्म दिवस मनाया गया।

जिलेभर के ग्राम पंचायतों में भाजपा पदाधिकारियों में स्व. अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म दिवस को उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा देश के विकास के लिए किए कार्यो को याद किया गया। भाजपा पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि छग प्रदेश के निर्माता स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ही रहे।



अटल स्तंभ पर एकत्रित होकर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते ग्रामीण।

### पंचायतों में फिर चमका अटल स्तंभ

छग प्रदेश में जब भाजपा सरकार सत्ता में आई, उसके बाद वर्ष 2004-05 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के निर्देश पर प्रदेशभर के ग्राम पंचायतों में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की याद को चिर स्थाई बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायतों में अटल स्तंभ बनवाए गए, जिसे अटल चौक के रूप में पहचान मिली। कोरिया जिले के प्रत्येक पंचायतों में तब अटल स्तंभ बनवाए गए थे, लेकिन तीन पंच वर्षीय के बाद जैसे ही प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता आई तो पंचायतों में बने अटल स्तंभ देख रेख के अभाव में जर्जर होने लगे और कई तो जीर्ण-शीर्ण हो गए। अब प्रदेश में भाजपा की सरकार सत्ता में आने के बाद फिर से ग्राम पंचायतों में उपेक्षित हो चुके अटल स्तंभ का फिर से जीर्णोद्धार करने का कार्य शुरू कर दिया। यह कार्य तीव्र गति से किया गया ,जिससे कि उपेक्षित अटल स्तंभ का मरम्मत कार्य कराकर रंग-रोगन कर चकाचक कर दिया गया, क्योंकि 25 दिसंबर को स्व. अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म दिवस अटल स्तंभ में ही भाजपाईयों ने मनाया गया।



अटल चौक पर श्रद्धांजलि देते भाजपाई।

### सुशासनः कार्यालय परिसरों में की गई साफ-सफाई

जिले के गांव, कस्बे व शहर में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्मदिन के अवसर पर बनाए गए अटल चौक में ग्रामीणों द्वारा अटल जी की तस्वीर में पुष्पांजलि दी गई। साथ ही बड़ी संख्या में सोमवार को शासकीय-अशासकीय परिसरों को साफ-सफाई किया गया व कचरा साफ किया गया। विदित हो कि पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का 25 दिसंबर को जन्म दिन था, जिसे सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। बैकुंठपुर के विधायक भईयालाल राजवाड़े की उपस्थित में जनसमूह को सुशासन शपथ दिलाया गया। सुशासन के अवसर पर सभी उपस्थितजन ने शपथ लेते हुए कहा कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहूंगा और शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करता रहूंगा। प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर कोरिया जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व प्रभारी कलेक्टर डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्याम बिहारी जायसवाल, नगर पालिका बैकुंठपुर अध्यक्ष श्रीमती नमिता शिवहरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े, जनपद सदस्य सौभाग्यवती सिंह, अपर कलेक्टर नीलम टोप्पो, एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम, सरपंच श्रीमती आनंदी सोनपाकर सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित सर्किट हाउस में बीते दिवस कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसहमति से अनेक प्रस्ताव पारित किया गया। जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय समिति में सक्रिय सदस्यों को शामिल किया जाएगा। शीघ्र जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें अविभाजित कोरिया के नव निर्वाचित विधायकों का सम्मान किया जाएगा।

कोरिया कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का वार्षिक कैलेंडर का शीघ्र प्रकाशन किया जाएगा। महिला कर्मचारियों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला प्रकोष्ठ का गठन किए जाने का निर्णय लिया गया। फेडरेशन प्रांतीय पदाधिकारियों से डीए की देय राशि शीघ्र प्रदाय करने के लिए वार्ता करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन कोरिया कर्मचारियों के हित के लिए पूर्ववत संघर्ष करेगा। विदित हो कि कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है, जो विगत कई वर्षो से कर्मचारी हित में संघर्ष करता रहा है और कर्मचारियों को न्याय और उनका हक अधिकार शासन से दिलाया है। इसमें संगठन के प्रति समर्पित जुझारू कर्मठ साथी सदैव कर्मचारी हित के लिए संघर्ष करते रहते हैं। इस संगठन में 84 विभागों के कर्मचारी-अधिकारी शामिल हैं जो कि अब तक के सबसे बड़े संगठन का रिकार्ड दर्ज किया गया है। संगठन के संभागीय संयोजक राजेन्द्र सिंह ने संगठन के प्रति समर्पित कर्मचारियों का हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा कि संगठन ने अब तक जो भी सफलताएं प्राप्त की है वह कर्मचारियों की मेहनत, लगन और उनके साहस का परिणाम है। बैठक में संभागीय संयोजक राजेन्द्र सिंह, जिला संयोजक अशोक यादव, शंकर सुमन मिश्रा, महासचिव विश्वास भगत, उर्जावान प्रवक्ता सुरेश एक्का, कोषाध्यक्ष शिवलाल राजवाड़े, पटवारी संघ जिलाध्यक्ष भरत कुमार यादव, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष ब्रम्हानंद सिंह, कामता प्रसाद बैगा, जिला सचिव शिक्षक संघ रवि पांडेय, जिलाध्यक्ष सचिव संघ राम विनोद सिंह, जिला सह सचिव दीपक तिर्की, जिलाध्यक्ष वन कर्मचारी संघ सुधाकर पूरी, श्रेयाश जायसवाल, तहसील अध्यक्ष संजय सूर्यवंशी, कमलेश खाखा, राजेश तिवारी, परमेश्वर राजवाडे सहित कर्मचारी - अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी।

### जोन स्तरीय बाल मेले में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अम्बिकापुर।** शिक्षा विभाग व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत मेंड्राखुर्द के तत्वधान में जोन स्तरीय बाल मेला का आयोजन पूर्व माध्यमिक शाला कुल्हाड़ी में किया गया। बाल मेला में डिगमा, भगवानपुर व खेलिबा के 430 बच्चे, 90 अभिभावक, 65 शिक्षक, 8 प्रधान पाठक, 2 संकुल प्राचार्य के साथ ही 14 संकुल के शैक्षणिक समन्वयक शामिल हुए। बीईओ गोपाल कृष्ण दुबे के नेतृत्व में आयोजित बाल मेला में बच्चों ने गणितमय खेल, भाषा कौशल, विज्ञान प्रयोग, सामाजिक विज्ञान के प्रदर्शन और रंगमंच प्रस्तुतियों में भाग लिया।फाउंडेशन के सुजीत कुमार ने बताया कि हम ना सिर्फ बच्चों की समस्याओं को समझते है बल्कि उनकी शिक्षा को भी प्राथमिकता देते है। शिक्षकों व स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर छात्रों का सर्वांगीण रूप से विकास हमारा उद्देश्य है। बीईओ ने बाल मेला का अवलोकन करने के बाद कहा कि इस महोत्सव में आपको विभिन्न कक्षाओं के गतिविधियों में भाग लेने का मौका मिलेगा जो आपकी सोचने की क्षमता, रचनात्मकता और सामाजिक सहभागिता को विकसित करेंगे। कार्यक्रम में बीआरसी संजीव भारती, फाउंडेशन की सागरिका, संकुल समन्वयक रामनाथ राम, शिवनेंद्र प्रताप सिंह, विनय यादव, अदिरण कुंजूर, हेमलता प्रजापति, फरनाज बानो अंसारी, प्रमिला कुशवाहा, किरण डाहरे, सूरजकांति गुप्ता, रेखा सिंह देव, रेणुका पंडो, अल्पना सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

# हाथियों ने एनएच 343 किया जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर/राजपुर

पिछले एक पखवाड़े से राजपुर जंगल में सक्रिय 27 सदस्यीय हाथियों ने बीती रात एनएच 343 को जाम कर दिया। हाथी रात में एनएच को पार कर धौरपुर जंगल की ओर रवाना हो गए। हाथियों के जाने से क्षेत्र के किसानों एवं वन अमले ने राहत की सांस ली है।

लम्बे समय तक प्रतापपुर जंगल में सक्रिय 28 सदस्यीय हाथियों का बड़ा दल एक पखवाड़े से वन परिक्षेत्र राजपुर में भ्रमण कर रहा था। कुछ दिनों पूर्व करंट से एक हाथी की मौत होने के बाद हाथी लगातार धौरपुर जंगल की ओर जाने की कोशिशें कर रहे थे लेकिन क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा रास्ता बाधित करने एवं लगातार छेडछोड़ करने के कारण हाथी अपना मार्ग छोड़कर भटक जाते थे। चार दिनों तक ग्राम करवां एवं गोपालपुर जंगल में गुजारने के बाद पिछले एक सप्ताह से हाथियों का दल चांची जंगल में मौजूद था तथा लगातार धान व गन्ना की फसल को तबाह कर रहा था। फसल से अपनी भूख मिटाने के बाद हाथी जब भी आगे बढने की कोशिश करते ग्रामीण पटाखे फोडकर हाथियों का रास्ता बाधित कर देते थे। वन अमले द्वारा हाथियों के आक्रोशित होने पर अधिक क्षति पहुंचाने एवं हाथियों से दूर रहने की समझाईश का ग्रामीणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने एवं हाथियों द्वारा जनहानि करने के भय से वन अमला पूरी रात हाथियों की चौकसी कर रहा था। बीती रात हाथियों के एनएच की ओर बढ़ते देख वन अमला पूरी रात सक्रिय रहा। इस दौरान हाथियों ने तीन बार एनएच को पार करने की कोशिश की।

#### लाखों का गन्ना तबाह

हाथियों का दल हर दिन 5-6 एकड़ गन्ना व धान की फसल तबाह कर रहे थे। हाथी फसल के नजदीक पहुंचने पर अलग-अलग हिस्सों में बंट जाते थे। बड़ा दल होने के कारण हाथी हर रात 5-6 किसानों की फसल तबाह कर रहे थे। हाथियों द्वारा लगातार धान व गन्ना की फसल को तबाह करने के कारण ग्रामीण वन अमले की समझाईश के बावजूद लगातार पटाखे फोड़कर उन्हें खदेड़ने की कोशिश करते थे।

#### नरसिंहपुर में हुई थी हाथी की मौत

ग्राम नरसिंहपुर में करंट की चपेट में आने से 12 दिसम्बर को दल के एक हाथी की मौत हो गई थी। किसान ने अपने गन्ने की फसल की सुरक्षा के लिए खेत के किनारे करं की बाड़ लगाई थी। दल का एक हाथी गन्ना खाने की कोशिश में करंट की चपेट में आ गया था, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई थी। आरोपी किसान को जेल भेजा गया है, इसके बावजूद वन्य जीवों का शिकार करने के लिए करंट का फंदा लगाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी है।

#### एनएच को कराया गया पार

बीती रात हाथी एनएच पार करने की लगातार कोशिश कर रहे थे लेकिन पटाखे एवं वाहनों के शोर से वापस लौट जा रहे थे। भोर में 3 बजे मार्ग से आवागमन अवरूद्ध कर हाथियों को एनएच पार कराया गया। हाथियों के जशपुर की ओर जाने की संभावना है।

-रविशंकर श्रीवास्तव
उप वन मंडलाधिकारी, राजपुर

### यह मेरी नहीं भाजपा कार्यकर्ता और जनता की जीत : राजेश अग्रवाल



**अम्बिकापुर।** नव निर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल ने रविवार को अग्रेसन भवन से आभार प्रदर्शन यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व शहरवासी शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ यात्रा शहर के अग्रसेन चौक, जयस्तंभ चौक, सदर रोड, देवीगंज रोड होते हुए घड़ी चौक पहुंची, जहां स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन भवन में भव्य स्वागत किया गया। भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। जयस्तंभ चौक पर युवाओं ने आतिशबाजी कर विधायक का स्वागत किया तथा उन्हें मेवे से तौल कर जश्न मनाया। यात्रा के समापन उपरांत विधायक भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां महिला मोर्चा द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं व जनता के सहयोग से भाजपा को जीत मिली है। उन्होंने सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस दौरान अभय साहू, अनिल तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में सुधार के साथ खेलकूद पर दिया जाए विशेष ध्यान



**बलरामपुर।** जनपद पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा स्थाई समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान विकासखंड में शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि के लिए बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु आवश्यक रणनीति बनाने के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद को अनिवार्य कालखंड के रूप में शामिल करने संबंधी बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए शिक्षा समिति अध्यक्ष श्री दीक्षित ने कहा कि बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता ना किया जाए व सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति व शिष्यवृत्ती का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि डी व ई ग्रेड के बच्चों को सूचीबद्ध कर उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित की जाए व अतिरिक्त कक्षाओं में उपचारात्मक शिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की जाए। शिक्षा विभाग से जुड़े भृत्य, स्वीपर, लिपिक या शिक्षक किसी अन्य संस्था में संलग्न है तो उन्हें मूल संस्था में वापस भेजा जाए। सभी संस्था प्रमुख यह सुनिश्चित करें की शाला समय में कोई भी विद्यार्थी परिसर के बाहर अनावश्यक रूप से घूमता न मिले। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरिशंकर सिंह ने शाला स्वीपर की नियुक्ति एवं वर्तमान स्थिति पर अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया तथा जिन विद्यालयों में स्वीपर नहीं है वहां वालंटियर के रूप में बच्चों को नियुक्त कर परिसर की साफ सफाई करने की बात कही। उपस्थित जनपद सदस्यों ने शाला भूमि का सीमांकन कर उसे शाला भूमि नाम से दर्ज करने के साथ साथ उसे शाला प्रबंधन समिति को हैंडओवर करने का प्रस्ताव रखा जिसे सभी ने सर्व सहमति से पारित किया। बच्चों को व्यवहारिक व संस्कारों की शिक्षा मिल सके ऐसा सुनिश्चित करने का प्रयास करने को कहा गया। आज के बैठक में शिक्षा समिति सदस्य अंतोनिस किंडो, फुलसाय चरगट, श्रीमती सुबासो कासी सहित विकासखंड के सभी अधिकारी कर्मचारी, संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

**जनपद पंचायत में शिक्षा स्थाई समिति की बैठक में की गई चर्चा, शाला भूमि का सीमांकन कराने के निर्देश**


Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।



राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7247-411411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।